प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 01.10.2023

जनपद सोनभद्र

एसओजी/सर्विलांस व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, एक कंटेनर वाहन से 175 किलो (01 कुन्तल 75 किलो) (अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये) मादक पदार्थ गांजा बरामद ।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राहुल पाण्डेय के निर्देशन में अपराध शाखा की एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम गठित की गयी । इस टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर आसूचना संजाल तैयार किया गया, इसी क्रम में दिनांक 01.10.2023 को समय लगभग 06.20 बजे एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बैजू बाबा मन्दिर से थोड़ा आगे वाराणसी कि तरफ वाराणसी- शक्तिनगर मुख्य मार्ग से 01 अदद कंटेनर ट्रक संख्या- HR69 C 6722 से 02 अन्तर्राज्यीय तस्करों को 175 किलोग्राम (01 कुन्तल 75 किलो) गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-560/2023 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 01.10.2023 को एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि कंटेनर ट्रक संख्या- HR69 C 6722 से तस्कर उड़ीसा प्रांत से भारी मात्रा में गांजा फरीदाबाद (हरियाणा) लेकर जा रहे है । गठित टीम द्वारा इस सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत चौकी सुकृत के आगे बैजू बाबा मन्दिर के पास वाराणसी- शक्तिनगर मुख्य मार्ग से 01 अदद कंटेनर संख्या- HR69 C6722 से उड़िसा से वाराणसी की तरफ जा रहे 02 अन्तर्राज्यीय तस्करों को प्लास्टिक की 10 बोरियों में भरी 175 किलोग्राम (01 कुन्तल 75 किलो) अवैध मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर तस्करों द्वारा बताया गया कि हम लोग इस कंटेनर गाड़ी के बाडी में अलग से बनाये गये स्थान/चेम्बर में गांजा छिपाकर उड़ीसा से फरीदाबाद(हरियाणा) ले जा रहे थे। यह गांजा हरियाणा में धीरज कुमार पुत्र अज्ञात, निवासी फरीदाबाद, हरियाणा को देना था। हम लोग यह काम पहले भी कई बार कर चुके हैं ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण –

1. हिमांशु माट्टा पुत्र प्रेम चन्दर माट्टा, निवासी घीर, थाना कुंजपुरा, जनपद करनाल, हरियाणा उम्र लगभग 28 वर्ष ।
2. कमल राठी पुत्र सुरेन्द्र राठी, निवासी नँगला, थाना सनौली, जिला पानीपत, हरियाणा उम्र लगभग 24 वर्ष ।

वांछित अभियुक्तगण-

1. धीरज कुमार पुत्र अज्ञीत, निवासी फरीदाबाद, जनपद फरीदाबाद, हरियाणा ।
2. 01 अदद कंटेनर संख्या- HR69 C6722 का (वाहन स्वामी) ।

बरामदगी का विवरण-

1. 175 किलो (01 कुन्तल 75 किलो) मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये)
2. 01 अदद कंटेनर संख्या- HR69 C6722 ।
3. 02 अदद मोबाइल फोन ।
4. 1380 रुपये नगद ।

गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः-

1. निरीक्षक राजेश सिंह, प्रभारी एसओजी/ सर्विलांस सेल, जनपद सोनभद्र ।
2. प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
3. उप निरीक्षक आशीष पटेल, चौकी प्रभारी सुकृत, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
4. हे0का0 सतीश सिंह, हे0का0 जगदीश मौर्या, हे0का0 शशि प्रताप सिंह, हे0का0 अमर सिंह, का0 रितेश सिंह पटेल, का0 अजीत यादव, एसओजी टीम, जनपद सोनभद्र ।
5. हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह सर्विलान्स टीम, जनपद सोनभद्र ।
6. का0 रमेश गोंड़, का0 विनय कुमार थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।
7. का0 अक्षय कुमार यादव, का0 आकाश कुमार, चौकी सुकृत, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।